डा. सत्यनारायण जटिया : माननीय सभापति जी, माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में स्टेशनों पर जनता के आवागमन की सुविधाओं के बारे में विस्तार से क्या काम किया जा रहा है तथा उनमें उज्जैन, रतलाम, इन्दौर, भोपाल, इटारसी, नागपुर, जयपुर और कोटा के कुछ स्टेशंस का नाम देकर उनके बारे में कहा है। मुझे खुशी है कि माननीय रेल मंत्री जी ने अपने इस उत्तर में इसका हवाला दिया है कि वे कहाँ escalator स्थापित कर रहे हैं और कहाँ लिफ्ट लगा रहे हैं। वैसे भी मैं रेल मंत्री जी को नए बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, उनके अन्तर्गत इन सारी योजनाओं को पूरा करने की संभावना को देखते हुए बधाई देता हूँ। मेरा प्रश्न यह है कि आदर्श स्टेशंस के अन्तर्गत जो स्टेशंस लिए गए हैं, वहाँ इस अवधारणा, इस concept को पूरा करने में कितना समय लगेगा और इसके लिए क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं?

(1यू/एससीएच पर आगे)

-VKK/SCH-BHS/12.35/1U

श्री सुरेश प्रभु : सर, यह सही है कि हम लोगों ने बड़े पैमाने पर आम आदमी की सुविधाओं का ध्यान रखने की कोशिश की है, खास तौर पर बुज़ुर्गों और दिव्यांगों को जो दिक्कतें आती हैं, उनके लिए अतिरिक्त सुविधाएं देने का प्रबंध शुरू किया है। उनके लिए लिफ्ट और एस्केलेटर्स की सुविधा दी जाएगी, जो स्वाभाविक तौर पर बहुत बड़ा और अहम काम है। हम लोगों ने 770 एस्केलेटर्स लगाने की योजना बनाई है और जल्दी ही उनको लगाए जाने की शुरुआत की जाएगी।

Q. No. 20 (CONTD.)

जैसा माननीय सदस्य ने पूछा, यह बात बिल्कुल सही है कि सभी स्टेशनों में लिफ्ट और एस्केलेटर्स लगाया जाना बहुत जरूरी है, लेकिन शुरू में 'ए-वन' कैटेगरी, 'ए' कैटेगरी और 'सी' कैटेगरी के स्टेशंस के ऊपर ज्यादा जोर देकर हम लोगों ने काम की शुरुआत की है। शायद आपको मालूम होगा कि 75 स्टेशंस 'ए-वन' कैटेगरी में आते हैं, 302 स्टेशंस 'ए' कैटेगरी में आते हैं और 483 स्टेशंस 'सी' कैटेगरी में आते हैं। इसके साथ इनमें से कुछ स्टेशंस को आदर्श स्टेशंस की कैटेगरी में भी चुना गया है, आपने इसके संबंध में पूछा भी है। सभी आदर्श स्टेशंस पर अभी ये सुविधाएं देने में कुछ समय लगेगा, क्योंकि इसके लिए जो धन लगता है, वह passenger amenities के अंतर्गत आता है। पिछले कुछ समय से ही हमने passenger amenities को बढ़ाने की शुरुआत की है। इसके लिए पिछले तीन साल से करीब 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा पैसा दिया जा चुका है। हमें यह भी पता है कि यह धन भी पर्याप्त नहीं है, क्योंकि लोगों की मांग ज्यादा है, इसलिए इसको देखते हुए हमने CSR के तहत भी कुछ कंपनियों से अपील की थी। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि कुछ कंपनियों ने आगे आकर इस काम के लिए हमें बहुत बड़ी मदद भी की है, जैसे WCL ने हम लोगों को 30 करोड़ रुपये दिए हैं। इससे हम लोग कैटेगरी 'सी' के स्टेशंस में भी इस तरह की सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन मैं आप सबसे एक यह अपील करूंगा, जैसे कि कुछ सांसदों ने ...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: Just answer his question.

Q. No. 20 (CONTD.)

SHRI SURESH PRABHU: His question was: How soon will I be able to fulfil it? I am saying, it depends upon the availability of resources. That is why passenger amenities have been stepped up. We are getting CSR funds. There are a lot of hon. Members who have given Rs.5 crores each from their contribution. So, if you can also contribute, I will be very happy to do it.

MR. CHAIRMAN: Thank you. Now, second question.

डा. सत्यनारायण जटिया : माननीय सभापति जी, बात यह है कि जो मॉडल स्टेशंस बनाए जा रहे हैं, उन मॉडल स्टेशंस के काम को पूरा करने के लिए हमें कोई न कोई लक्ष्य तो रखना ही पड़ेगा। हम पुराने स्टेशंस में छोटे-बड़े बदलाव करके, वहां कुछ सुविधाएं उपलब्ध करवा दें, केवल इससे तो ये बातें पूरी नहीं होंगी। नए प्रकार से उसकी रचना करके इस काम को करना होगा।

महोदय, नागदा का जो स्टेशन है, वह बड़े औद्योगिक क्षेत्र में आता है। उसके दोनों छोरों पर, एक तरफ इंडस्ट्री है और दूसरी तरफ शहर बसा हुआ है, इसलिए उन दोनों छोरों पर सुविधाओं का विकास करने की आवश्यकता है। नागदा जंक्शन एक एक बड़ा स्टेशन है।

स्वच्छता अभियान के बारे में मैं यह पूछना चाहता हूं, जैसा माननीय मंत्री जी ने कहा है कि 2 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। यह स्वच्छता अभियान हमारे लिए सभ्य समाज की ...(व्यवधान)...

Q. No. 20 (CONTD.)

MR. CHAIRMAN: Please ask your question.

डा. सत्यनारायण जटिया : मेरा क्वेश्चन सीधा है कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्टेशंस को साफ-सुथरा रखने एवं अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या आपने अभी तक कोई कार्यक्रम बनाया है? यदि बनाया है, तो आप उसकी कार्य योजना को कैसे पूरा करेंगे? आज भी स्टेशंस पर बहुत सारी असुविधाएं होती हैं, जिनको दूर किए जाने की जरूरत है।

MR. CHAIRMAN: That is a specific question. It can be answered specifically.

श्री सुरेश प्रभु : सर, इन्होंने दो बिन्दुओं पर अपना प्रश्न पूछा है। एक तरह से इसमें हम लोग incremental हैं। जिन स्टेशंस पर कोई सुविधा नहीं थी, वहां सुविधाएं देने की शुरुआत की गई है, लेकिन साथ-साथ स्टेशन को पूरी मात्रा में redevelop करने का कार्यक्रम भी हमने शुरू किया है। कुछ स्टेशंस पर काम शुरू कर दिया गया है और बाकी के स्टेशंस में भी आने वाले कुछ दिनों में काम शुरू हो जाएगा। कई स्टेशंस के लिए on bidding इस काम को शुरू किया गया है, ये स्टेशंस airport से भी ज्यादा अच्छे होंगे। इस तरह हम लोगों ने bidding करवाने के काम की शुरुआत भी की है। मुझे विश्वास है कि जिन सुविधाओं की बात आप कह रहे हैं, all stations will be fitted with all modern amenities.

Q. No. 20 (CONTD.)

स्वच्छ रेलवे का जो अभियान है, उसके तहत बहुत सारे बिन्दु आते हैं। पिछले दो सालों में 25,000 बॉयो-टॉयलेट्स लगाए गए हैं और इस वर्ष के लिए हमारा टार्गेट 30,000 बॉयो-टॉयलेट्स बनाने का है। इसके साथ ही ऑन-बोर्ड क्लीनिंग की सुविधा की भी शुरुआत भी की गई है। 780 गाड़ियों में closed loop 'App' द्वारा इसकी निगरानी रखी जा रही है। हर रोज़ 1 लाख लोगों से online passenger feedback लिए जा रहे हैं, while they are still travelling. Third-party feedback भी लिए जा रहा है, अभी तक 1.3 लाख लोगों से ये लिए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त mechanised cleaning equipments लगाए जा रहे हैं, additional toilets लगाए जा रहे हैं, सीसीटीवी से cleaning monitor करने की शुरुआत भी हमने की है। इस तरह कुछ और भी बिन्दु हैं, जिनके ऊपर मैं मानता हूं कि अधिक से अधिक लोगों के सहयोग से हम और ज्यादा काम कर पाएंगे।

DR. NARENDRA JADHAV: The hon. Minister's response is very comprehensive and informative. It talks about improvement in railway stations, bridges, lifts, even CCTVs, and cleanliness etc.

(Contd. by DC/1W)

DC-RPM/12.40/1W

Q. No. 20 (CONTD.)

DR. NARENDRA JADHAV (CONTD.): Regrettably, however, the response does not say anything about making the railway stations physically disabled-friendly, *divyang*-friendly. Mr. Chairman, Sir, Suburban Railway travel in cities like Mumbai, is generally a torture. Mr. Sachin Tendulkar, who is here, will bear me out but, for physically disabled, it is nothing but a nightmare. Sir, I would like to raise a supplementary question. What are the provisions which the Government is coming up with to make the railway stations disabled- friendly? Is there a target date by which the projects are going to be completed? Is there a time-bound programme? Sir, I will take only 30 seconds. This is a low-cost improvement which will go a long way in alleviating the extreme difficulties currently faced by the disabled, *divyangs*, as well as senior citizens.

SHRI SURESH PRABHU: Sir, I fully share the compassion and the concern of the hon. Member. It is absolutely relevant to know that we are working on this very important issue. This is absolutely right that most of the stations, till recent past, were not disabled-friendly, inaccessible to many people and, therefore, to make all stations *divyang*-friendly is our objective, but it will

Q. No. 20 (CONTD.)

begin in small steps. All new stations and all new coaches which are getting constructed will be *divyang*-friendly. We have already set the target. I will not be able to give the number just now because right now this is under trial. I will definitely share it with you. But the whole idea is, all the major stations, wherever there is a need for it, we are trying to make them *divyang*- friendly. All new stations are planned like that and all new coaches are already planned as *divyang*-friendly coaches. And, in fact, we have invited some experts in this field to understand as to how the design should be and, therefore, we are really working on it.

श्री माजीद मेमन : माननीय सभापति जी, माननीय रेल मंत्री जी से अभी हमारे एक मित्र ने मुम्बई के बारे में पूछा। बदकिस्मती से रेल का बजट अलग से नहीं रखा गया, नहीं तो विस्तार से हम कई सवाल उनसे पूछ सकते थे, लेकिन चूंकि अब मौका है, इसलिए मैं इस प्रश्न से जुड़े हुए विषय के बारे में माननीय रेल मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं और वे इस बात से अच्छी तरह से परिचित हैं कि मुम्बई शहर की लोकल ट्रेनों की परिस्थिति, जिसके बारे में अभी हमारे मित्र श्री नरेन्द्र यादव जी ने कहा, वह ऐसी है कि अगर कोई लोकल ट्रेन 30 या 45 सेकंड भी लेट हो जाती है, तो पीक टाइम में ऐसी अवस्था होती है कि प्लेटफॉर्म पर पैसेंजर्स को खड़े होने की जगह भी नहीं मिलती है।

Q. No. 20 (CONTD.)

महोदय, जहां तक एस्केलेटर्स और लिफ्ट्स के प्रावधान की बात है, मुझे लगता है कि मुम्बई में ऐसी परिस्थिति हो चुकी है कि लगभग सभी रेलवे स्टेशनों पर या तो लिफ्ट या एस्केलेटर का प्रोविज़न होना चाहिए। Disabled commuters, elderly commuters, women and sick commuters are finding it very difficult to climb from one platform to another when the announcements are made that the train is coming say on platform no. 5 instead of platform no. 3. सर, यह बहुत आवश्यक है। मैं रेल मंत्री जी का आभार मानता हूं कि उन्होंने पिछले वर्ष में जनरल मैनेजर्स सेंट्रल रेलवे और वेस्टर्न रेलवे की, खासदारों यानी सांसदों के साथ मीटिंग रखी थी। मगर उसके फलस्वरूप कुछ हो नहीं पाया। आपका अलग बजट नहीं आया। हमारी बड़ी आशाएं थीं कि आप मुम्बई के लिए बहुत कुछ देंगे, ताकि मुम्बई के कम्यूटर्स को सुविधाएं मिलें।

श्री सुरेश प्रभुः सर, हमारे सम्माननीय सदस्य बहुत जाने-माने एडवोकेट हैं। इसलिए उन्होंने बहुत अच्छी तरह से मुम्बई के लोगों की समस्या हमारे सामने रखी है और उन्हें जानकर खुशी होगी कि देश के इतिहास में शायद पहली बार एक शहर के लिए 55 हजार करोड़ रुपए की, अपग्रेडेशन ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना हमारे सम्माननीय प्रधान मंत्री जी की उपस्थिति में दिसम्बर, 2016 में यानी लगभग पांच हफ्ते पहले हम लोगों ने लॉंच की थी। उसमें एलीवेटेड कॉरीडोर भी है। उसमें हमारा मुम्बई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट-तीन भी है और उसमें 55 करोड़ की इन्वेस्टमेंट के बाद, मुझे विश्वास

Q. No. 20 (CONTD.)

है कि लोगों की समस्या बहुत हद तक कम हो जाएगी। इस बारे में बजट में भी लिखा है। जब उन्हें बजट की पूरी जानकारी मिलेगी, तब वे इससे अवगत हो जाएंगे।

महोदय, मुम्बई में लिफ्ट्स लगाने के लिए, जैसा मैंने कहा, आपको सुनकर खुशी होगी कि हम लोगों ने 30 करोड़ रुपए सिर्फ सीएसआर के तहत डब्ल्यूसीएल से लिए हैं और उसमें 33 स्टेशन्स जिनमें अलग-अलग स्टेशन्स हैं, यानी सेंट्रल रेलवे के 19 स्टेशन्स हैं और वेस्टर्न रेलवे के 14 स्टेशन्स हैं, उनके ऊपर काम करने की शुरुआत हुई है। कुछ टेंडर्स भी इश्यू किए गए हैं। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि इससे भी लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन मैं पूरी तरह से आपसे सहमत हूं कि मुम्बई में जिस तरह से ट्रैफिक का लोड बढ़ रहा है, वहां 75 लाख लोग रोज ट्रांसपोर्ट सबअर्बन सिस्टम का यूज करते हैं और उसमें पिछले 40-50 साल में परिवर्तन नहीं हुआ। इसके लिए एलिवेटेड कॉरिडोर और इन्फ्रास्ट्रक्चर का अपग्रेडेशन करने की जरूरत है। इसके लिए हम पूरी तरह से लगे हुए हैं। आपके सहयोग के लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

(1एक्स/पीएसवी पर आगे)

PSV-KR/1X/12.45

श्रीमती विप्लव ठाकुर :माननीय सभापति जी ,मैं मंत्री जी से यह जानना चाहूँगी कि दिल्ली स्टेशन पर आपने एस्केलेटर लगाया हुआ है ,जो फर्स्ट नम्बर प्लेटफॉर्म पर जाता है ,लेकिन उसके बाद प्लेटफॉर्म-2 ,प्लेटफॉर्म-3 ,प्लेटफॉर्म-4 या प्लेटफॉर्म-5 पर

Q. No. 20 (CONTD.)

लोगों को सीढ़ियाँ उतर कर जाना पड़ता है। जो ओल्ड हैं ,सीनियर सिटिजंस हैं या जिस तरह से इन्होंने कहा हैंडिकैप्ड लोग हैं ,उनको वहाँ जाने के लिए अपना सामान उठाकर उन सीढ़ियों से उतरना और चढ़ना बहुत मुश्किल हो जाता है। तो यह जो आपका प्रोग्राम है, इसे आप पहले दिल्ली में क्यों नहीं शुरू करते ,जहाँ पर सारे भारत के, सारी दुनिया के लोग आते हैं और उन सीढ़ियों से उतरना और चढ़ना बहुत मुश्किल हो जाता है? तो मैं यही जानना चाहती हूँ कि उसके लिए ये क्या प्रावधान करने जा रहे हैं ?

श्री सुरेश प्रभु :सर ,जैसा मैंने कहा कि सब जगहों पर A, A Plus and C category में हम लोग एस्केलेटर्स लगाने जा रहे हैं। जैसे नयी दिल्ली स्टेशन लीजिए ,यह बिल्कुल सही है कि उसमें बहुत सारे प्लेटफॉर्म्स हैं। यदि हम एक ही स्टेशन पर सभी प्लेटफॉर्म्स पर इसे लगाएँगे ,तो हमारे पास जो मर्यादित मात्रा में धन उपलब्ध है ,उससे शायद वह कुछ स्टेशंस पर ही लगेगा। हम यह कोशिश कर रहे हैं कि पूरी मात्रा में ज्यादा से ज्यादा स्टेशंस पर यह लगे। यदि हमें धन उपलब्ध होगा, ...(व्यवधान)... यह आप भी जानते हैं कि रेल की फाइनेंशियल पोजिशन क्या है ,उसके बाद भी ,जैसा मैंने आपको बताया कि कितनी बड़ी मात्रा में हम लोगों ने उसमें बढ़ोतरी भी लाई है। यह बिल्कुल सही है कि सभी प्लेटफॉर्म्स पर यह लगना चाहिए। मैं भी यह मानता हूँ ,लेकिन मैं आपको जानकारी के लिए कहना चाहता हूँ कि पिछले ढाई सालों में जितने एस्केलेटर्स

Q. No. 20 (CONTD.)

लगे हैं ,उनकी मात्रा अगर आप देखें ,तो ढाई साल पहले वे कितने थे और कितनी बड़ी मात्रा में लगे हैं। मैं बिल्कुल मानता हूँ कि उसमें बढ़ोतरी होनी चाहिए. ...(व्यवधान)...

श्रीमती विप्लव ठाकुर :सर ,... ...(व्यवधान).....

(समाप्त)

Q.No. 21

MR. CHAIRMAN: Q.No.21. The questioner is not present. Let the answer be given.

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Mr. Chairman, Sir, thank you very much. Sir, BSNL broad band users face problems from the domain main server. The DNS is not that much active. It doesn't respond many times because the new default router when we get a new BSNL connection usually they don't give us the better performance quality products. So, because of this, we usually face problems. At times, Sir, we have to pay four times more than the private players, which give us better connectivity than BSNL. I want to know from the hon. Minister whether the BSNL and MTNL internet service providers come up with the time and use the latest technology and upgrade their equipment so that the connectivity could be improved in the near future.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Mr. Chairman, Sir, the hon. Minister, Shri Manoj Sinha is absent; and on his request you are kind enough to allow me to reply on his behalf.

Q.No. 21(CONTD.)

Sir, I have taken note of the suggestion of the hon. Member. BSNL is improving a lot of its operational activities and requirements. There has been a legacy issue to which I had occasion to earlier share in the House. It had a profit of Rs.10,000 crore in 2004. It came down to Rs.8,000 crore loss. But today I am happy to announce in this House that their operating profit has gone up by Rs.4,000 crore and the losses are also coming down. Their revenue also has gone up. You are right; they are investing in new products. There is greater need for involvement. They are giving one Mega-byte free services for the whole broad band. Surely, we take note of your suggestions. If any specific complaint is there, our official would respond to it.

Sir, one thing this House needs to know. It is very important. My good friend, Mr. Raja was talking about PSUs. The human resource component of BSNL/MTNL is 50 per cent of their revenue expenditure.

(Continued by 1Y/KS)

KS-VNK/1Y/12.50

Q.No. 21(CONTD.)

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH: Establishment cost!

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Sir, in the case of the private sector, establishment cost is only two to three per cent. In spite of this heavy load, for good measure, we need to support employment. If they are doing so well, coming into profit, making new investment and turning things around, I think this initiative needs to be appreciated. Secondly, this House also needs to remember that during natural calamities, it is only these public bodies which provide free services. We need to appreciate that. We know that very well in the case of Chennai. So, the good part also needs to be appreciated. If there is any specific issue, we would certainly look into that.

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Hon. Chairman, Sir, we are now in the age of 'struck-up India', 'hanging India' and 'hacking India'. I am aware of the capability and the comprehension of the senior Minister. Even though the regular Minister is absent, I would like to know from him what the Government's take on broadband connectivity is. What is the scope and necessity of broadband connectivity at present, keeping in mind the growing

Q.No. 21(CONTD.)

demand of cashless digital transactions in the light of demonetization, so as to serve the PIOs and aid such cashless transactions, which are increasingly leading to hanging of websites and struck-up credit card transactions? Keep this in view while assessing broadband connectivity and its future requirements.

SHRI ANAND SHARMA: It is the computers that are hanging, not human beings!

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: I was also taken aback! I am grateful. Sir, I appreciate the interest shown by the hon. Member in digital payments. Keep it up!

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU: Sir, I also take a lot of interest in cyber.... (Interruptions)...

MR. CHAIRMAN: Please; you have asked your question.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: We would all be benefited by your wisdom one day.

Sir, as far as Internet penetration is concerned, his point is fairly well taken. India today is home to about 50 crore Internet penetrations. We need to increase it. We are expanding connectivity of *Gram Panchayats*

Q.No. 21(CONTD.)

through the Optical Fibre Network. I want to gently remind this House that it was started by your Government, Mr. Anand Sharma. It was known as NOFN. Now, we have made it *Bharat Net*. It was started in 2011. Till 2014, in three years, the total length of optical fibre laid was 358 kilometres. We have laid down 1,92,000 kilometres in two-and-a-half years. That is how we are doing it. We need to take it further. Private players too are coming in. Wireless (WiFi) technology is coming up in a very big way. All these are designed to make it more and more pro-people.

Sir, I go to a lot of these Startup convocations. I see young people doing so well and coming up with new technology for broadband. We all need to work together. I do take your suggestion on board, but let me tell you, Indians first observe technology, then adopt it and, finally, they become empowered in the process. I see a lot of new technologies coming up in India to further expand Internet connectivity in the country.

MR. CHAIRMAN: Thank you. ...(Interruptions)... One minute. Your question is over. Shrimati Kahkashan Perween.

Q.No. 21(CONTD.)

श्रीमती कहकशां परवीनः माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूँ कि पिछले पांच सालों में गांवों में बीएसएनएल और एमटीएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ी है या घटी है? इसके साथ ही मैं यह भी जानना चाहती हूँ कि इन दो सालों में कितने गांवों में स्पीड हाई-फाई नेटवर्क लगाए गए हैं?

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, इस विभाग को अब मैं हैंडल नहीं कर रहा हूँ और यह प्रश्न इस प्रश्न से संबंधित नहीं है, लेकिन फिर भी अपने अनुभव के आधार पर मैं उनको बताना चाहूंगा कि आज कल बीएसएनएल 20 लाख कस्टमर्स प्रति महीने ऐड कर रहा है और वह इस क्षेत्र में देश में चौथे नंबर पर आ गया है, जब कि पहले इनकी संख्या 5 या 6 लाख में हुआ करती थी। इस विकास के लिए उनका सम्मान तो होना चाहिए और वह गांवों में भी बहुत काम कर रहा है। सभापति जी, चूंकि माननीय सदस्या ने स्पेसिफिक संख्या मांगी है, इसलिए मैं विभाग को कहूंगा और वहां से लेकर हम उनको प्रोवाइड करा देंगे।

एक बात हमें अवश्य कहनी चाहिए, वह यह है कि भारत में जो तकनीकी बदलाव हो रहा है, उसके मद्देनजर मैं देख रहा हूँ कि विस्तार से नई-नई सेवाएं शुरू होंगी और बीएसएनएल भी उनको काफी इम्प्रूव करेगा, एमटीएनएल दिल्ली में लगभग हजार नए बीटीएस लगाने की योजना बना रहा है, मुम्बई में वह काफी काम कर रहा है।

Q.No. 21(CONTD.)

इस प्रकार से हम मिल कर काम करेंगे, निजी क्षेत्र भी काम करेंगे और पीएसयूज़ भी काम करेंगे। ऐसे मिल कर देश को सशक्त करेंगे।

(समाप्त)

MR. CHAIRMAN: Thank you. Question No. 22.

Q. No. 22

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, this is a very important question that needs to be dealt with at length, but, this being the Question Hour, I would like to make it concise. I would request you to permit a separate discussion on this subject.

Sir, India is basically an agricultural country and our population is increasing enormously.

(CONTD. BY RSS/1Z)

RSS/NKR/1Z/12.55

SHRI TIRUCHI SIVA (CONTD.): And sooner or leter, we are going to surpass even China in population, whereas, the area of India is only one-third of China. In this situation, when the requirement for food is increasing, the cultivable agricultural lands are being converted for non-agricultural purposes. Sir, the statistics show very clearly that in the year 2013-14, 26.91 million hectares of agricultural land have been converted for non-agricultural purposes, that is, 2 crore 70 lakh hectares of agricultural land. When the population is increasing and when the food requirement is increasing, it is diminishing or decreasing to this very, very alarming situation, what are the

Q.NO. 22 (CONTD.)

steps the Government is keeping in mind? They may say that it is a State issue, but, when the Central Government can issue directions to the State Government how to acquire lands and all, there must be a stringent law that agricultural lands should not be converted for non-agricultural purposes. I would like to know whether the Ministry is having such an intention.

श्री परषोत्तम रुपाला : चेयरमैन सर, माननीय सांसद श्री तिरुची शिवा ने जो प्रश्न उठाया है कि एग्रीकल्चरल जमीन घट रही है और फूड सिक्योरिटी के बारे में चिंता जताई है, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य और माननीय सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि अगर आप तथ्यों पर गौर करें, 2010 से लेकर वर्तमान समय तक एग्रीकल्चर क्षेत्र में जो टोटल प्रोडक्शन की फिगर्स हैं, उनके अनुसार पहले 244 मिलियन टन से बढ़ कर, इस साल, अभी तक वर्ष 2015-16 की जो फिगर्स हैं और आने वाले वर्ष 2016-17 की फिगर्स हैं, हम 252 मिलियन टन तक पहुंचे हैं। इसी तरह अगर कन्टीन्यूटी में आप देखें, तो वर्ष 2013-14, वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 में, जब सूखे का समय था, उस समय भी देश में एग्रीकल्चर प्रोडक्शन कम नहीं हुआ है। इसका मतलब यह हुआ कि जमीन तो घट रही है, यह फैक्ट है, इसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन विकास के जितने काम हो रहे हैं, नई सड़कें बनेंगी, नई रेल लाइनें बनेंगी, नए रास्ते बनेंगे, नई आबादी के लिए घर बनेंगे, उसके लिए जमीन तो कटेगी, मगर इसके इलाज के लिए, खासकर माननीय सांसद ने जैसा अभी बताया कि हमारी आबादी बढ़

Q.NO. 22 (CONTD.)

रही हैं और हम चीन से भी आगे निकल जाएंगे, उन्हें खाने की दिक्कत न हो, फूड सिक्योरिटी की दिक्कत न हो, इसके लिए भारत सरकार ने जो कदम उठाए हैं, उनके अंतर्गत इस साल में आज तक इतिहास का रिकॉर्ड उत्पादन इस देश का किसान करने जा रहा है, यह मैं आपके माध्यम से संसद के संज्ञान में लाना चाहता हूं।

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, the Minister's reply is justifying that the conversion of cultivable agricultural lands to non agricultural lands will not affect the food production. Sir, I would like to know from the hon. Minister one thing. When he says that food production has increased comparatively what it was, and what it is now, and whether it would meet the demand and supply situation. Agricultural sector is the largest sector which provides more employment, and production which he says nowadays is by way of modern technology. Non-conventional methods do not suit our soil, and it has already displaced too many numbers of agricultural workers, and introduction of genetically modified seeds would also encourage the farmers that they would get more yield. But, in that case, we have to stretch our hands to foreign countries even for our seeds, and our conventional agriculture would be totally erased. So, in that situation, statistics showing that food production has increased by non-conventional methods, will not suit us. We have to stick on to

Q.NO. 22 (CONTD.)

conventional methods. What I would urge the Minister is that kindly see to that no more agricultural land is converted for non-agricultural purpose.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

(followed by 2a/KGG)

KGG-DS/2A/1.00

श्री परषोत्तम रुपाला : माननीय सभापति जी, मेरा कहना यह कतई नहीं था कि agricultural land का non-agricultural land में जो conversion हो रहा है, उससे हमें खुशी हो रही है या हम इसके पक्ष में हैं। ऐसी कोई बात नहीं है। भारत सरकार यह चाहती ही नहीं है कि agricultural land का non-agricultural land में conversion हो।

MR. CHAIRMAN: I am afraid, Question Hour is over. The House is adjourned till 2.30 p.m.

--

The House then adjourned for lunch at one of the clock.